21/05/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल राजस्थान के बीकानेर से 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आधुनिक सुविधाओं से लैस 103 अमृत भारत स्टेशनों का उद्‌घाटन करेंगे। इन स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत शहर के केंद्रों के रूप में उन्नत और पुनर्विकसित किया गया है, जो क्षेत्रीय संस्कृति और विरासत को प्रदर्शित करते हैं। प्रधानमंत्री 26 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित भी करेंगे। परियोजनाओं में रेलवे, सड़क मार्ग, बिजली, पानी और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र शामिल हैं।

0000000000000000000000000

ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के कूटनीतिक प्रयासों और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को और उजागर करने के लिए जेडी (यू) सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल आज पांच देशों की यात्रा पर रवाना हुआ। प्रतिनिधिमंडल इंडोनेशिया, मलेशिया, कोरिया गणराज्य, जापान और सिंगापुर का दौरा करेगा, ताकि आतंकवाद के सभी रूपों से निपटने के लिए देश के दृढ़ दृष्टिकोण को प्रदर्शित किया जा सके। शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में एक और प्रतिनिधिमंडल भी आज यूएई, लाइबेरिया, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कोंगो और सिएरा लियोन की यात्रा पर जाएंगे।

0000000000000000000000000

राज्य बजट 2025-26 में घोषित राज्य में ग्रामीण संपर्क को बदले जाने के उद्देश्य से एक दूरदर्शी पहल के तहत, शिक्षा मंत्री पी.डी. सोना ने आज मुख्यमंत्री राज्य ग्रामीण सड़क विकास कार्यक्रम के लिए कार्यान्वयन दिशा-निर्देशों के निर्माण पर चर्चा हेतु एक विस्तृत बैठक की अध्यक्षता की। श्री सोना ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि अगले चार वर्षों में ₹2,000 करोड़ के आवंटन के साथ, यह प्रमुख योजना पीएमजीएसवाई के तहत कवर नहीं किए गए ग्रामीण सड़कों और पुलों के उन्नयन और निर्माण पर ध्यान केंद्रित करेगी, जिससे 2029 तक सभी दूर दराज़ के गांवों तक सुगम पहुंच सुनिश्चित होगी।

0000000000000000000000000

कृषि क्षेत्र में कामकाज को सुव्यवस्थित करने और दक्षता को बढ़ाव देने के लिए कृषि मंत्री गेब्रियल डी. वांगसू ने कल ईटानगर के सिविल सेक्रेटेरिएट में सभी कृषि और संबद्ध विभागों की एक व्यापक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में विभागीय कामकाज को बेहतर बनाने और जनशक्ति की कमी को दूर करने के उद्देश्य से कई रणनीतिक पहलों पर ध्यान केंद्रित किया गया। मानव संसाधन प्रबंधन पर मुख्य जोर दिया गया, जिसमें विभागों को वर्तमान जनशक्ति तैनाती पर व्यापक डेटा संकलित करने का निर्देश दिया गया।

0000000000000000000000000

एकता और देशभक्ति को प्रदर्शित करते हुए, तवांग के लोगों द्वारा आज प्रतिष्ठित जायंट बुद्ध स्टेच्यू से तवांग युद्ध स्मारक तक एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में हजारों नागरिकों की उत्साही भागीदारी देखी गई, जो भारतीय सशस्त्र बलों और सुरक्षा एजेंसियों के लिए एकजुटता और अटूट समर्थन की साझा अभिव्यक्ति में एक साथ आए। यात्रा का नेतृत्व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जांग के एनसीसी कैडेट्स द्वारा किया गया। तवांग विधायक नामगे त्सेरिंग ने सभा को संबोधित करते हुए, राष्ट्र की सेवा में उनके बेजोड़ समर्पण और बलिदान के लिए भारतीय सशस्त्र बलों और सभी सीमा सुरक्षा कर्मियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

0000000000000000000000

अरुणाचल के होसाम लोंदा और ताना लुसिया ने मुंबई में आयोजित नेशनल मिक्स्ड मार्शल आर्ट चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीता है। इस खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में दोनों को राष्ट्रीय एमएमए चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीतने के लिए बधाई दी है। श्री खांडू ने बताया कि उनके शानदार प्रदर्शन ने उन्हें बहरीन में होने वाले आगामी एशियन यूथ गेम्स और थर्ड एशियन एमएमए चैंपियनशिप के लिए टीम इंडिया में अपनी जगह बना ली है। मुख्यमंत्री ने दोनों को वैश्विक मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

0000000000000000000000

पहलगाम आतंकवादी हमले में शहीद हुए नागरिकों एवं आतंकवादियों के खिलाफ चलाए गए "ऑपरेशन सिंदूर" में वीरगति को प्राप्त सशस्त्र बलों के जवानो की आत्मा की शांति के लिए, कल पासिघाट स्थित ट्रस्टी **संवर्द्धिनी न्यास** द्वारा **शौर्य सम्मान यात्रा** प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

जिसका उद्देश्य प्रार्थनाओं के माध्यम से बहादुर भारतीय सेना के प्रति समर्थन और एकजुटता दिखाना एवं उनकी सफल जवाबी कार्रवाई का समर्थन करना था। इस अवसर पर संवर्द्धिनी न्यास की कंवेनर श्रीमती जया तासुंग मोयोंग ने सभा को संबोधित करते हुए देश के दुश्मनों को एक कड़ा संदेश दिया कि हम अपने भारतीय सैनिकों के साथ आखिरी दम तक खड़े हैं।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 17 जिलों ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, पाके केसांग, कुरुंग कुमे, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, सियांग, अपर सियांग, लोअर सियांग, ईस्ट सियंग, वेस्ट सियांग, लोअर दिबांग वैली, लोहित, अंजाव, चांगलांग, तिराप और लोंगडिंग के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने की संभवना है।

0000000000000000

गृह मंत्रालय ने पद्म पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। नामांकन 31 जुलाई तक राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत किए जा सकते हैं। पद्म पुरस्कार, अर्थात् पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री, देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं।

0000000000000000